# आन्तरिक गुणवत्ता विनिश्चयन प्रकोष्ठ
# सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , रुद्रपुर

**कार्यवाही** **दिनांक 05-09-2020**

आज दिनांक 05 सितंबर 2020 को आन्तरिक गुणवत्ता विनिश्चयन प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के समस्त बैंक खाते को सहकारी बैंक में स्थानांतरित किए जाने के संबंध में व्यापक चर्चा की गई । प्रकोष्ठ द्वारा निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं :

महाविद्यालय के विविध निधियों का खाता अलग - अलग बैंक में संचालित हो रहा है । इन खातों को सहकारी बैंक में स्थानांतरण निम्न शर्तों के साथ किया जा सकता है :

i. सामूहिक सामाजिक उत्तरदायित्व (Corporate Social Responsibility) के अंतर्गत सहकारी बैंक महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण में सहयोग करें । साथ ही, परिसर एवं छात्रावास के लिए वाटर कूलर आदि का प्रबंध सुनिश्चित करे ।

ii. महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सेमिनार / वर्क्शाप आदि के लिए प्रायोजक की भूमिका भी निभाए ।

iii. राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कॉर्पस के शिविरों में भी बैंक द्वारा आवश्यक सुविधाएं करायीं जाए ।

iv. छात्र - छात्राओं की आवश्यक सुविधा विस्तार हेतु महाविद्यालय को 25 कंप्युटर भी उपलब्ध कराए जाए, जो इंटरनेट की सुविधा से लैस हों ।

v. महाविद्यालय के क्रीड़ांगन का रख - रखाव भी बैंक द्वारा सुनिश्चित की जाए।

vi. विद्यार्थियों को अनुदान एवं निर्धन छात्रवृत्ति की सुविधाएं बैंक द्वारा दी जाए ।

vii. समय-समय पर महाविद्यालय की रंगाई - पुताई भी बैंक द्वारा सुनिश्चित की जाए ।

viii. छात्र - छात्राओं को आवश्यक सुविधाएं भी बैंक उपलब्ध कराए , विशेषकर कोरोना काल में सैनिटाईजर, ग्लव , फेस शील्ड आदि ।

05.09.2020

Director/Coordinator
Internal Quality Assurance Cell
S.B.S. Govt. P.G. College, Rudrapur
Uttarakhand

Scanned with CamScanner

# कार्यवाही

दि०: 19 नवंबर 2020

आन्तरिक गुणवत्ता विनिश्चयन प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक आज आहूत की गई जिसमें विविध शैक्षणिक विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

निम्नलिखित निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए :

1. स्मार्ट कक्षाओं का विस्तार कर 15 एवं 17 प्रोजेक्टर वाले Teaching Aids स्थापित किए जाएं ताकि आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर कक्षा को और रोचक बनाया जा सके।
2. ब्लैक बोर्ड के स्थान पर ग्रीन बोर्ड स्थापित किए जाएं।
3. विभागों के अन्दर एवं बाहर नोटिस बोर्ड भी स्थापित किए जाएं ताकि विद्यार्थियों को विभागीय गतिविधियों की जानकारी मिल सके।
4. ऑनलाइन कक्षाओं को और रुचिकर तथा व्यापक बनाया जाए।

[signature] 19/11/20

[signature] 19.11.2020
Director/Coordinator
Internal Quality Assurance Cell
S.B.S. Govt. P.G. College, Rudrapur
Uttarakhand

[signature]

[signature]

[signature] 19/11/2020

Scanned with CamScanner

# बैठक कार्यवाही

दि०: 04.01.2021

आज दिनांक 04 जनवरी 2021 को आन्तरिक गुणवत्ता विनिश्चयन प्रकोष्ठ की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के संसाधनों से संबंधित निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिए गए हैं:

1. महाविद्यालय में स्थापित किए गए फोटोस्टेट मशीन की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु दीर्घकालीन व्यापक नीति बनायी जाए। चार अलग-अलग कक्षों में स्थापित मशीनों में से एक छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के दृष्टिगत प्रयोग में लाया जाए।
2. फोटोस्टेट दरें बाजार से कम लेकिन यथोचित निर्धारित की जाएं।
3. रख रखाव हेतु एक तृतीय श्रेणी कर्मचारी को उत्तरदायी बनाया जाए जो शुल्क रसीद से लेकर अन्य संबंधित कार्यों के लिए भी जिम्मेदार होंगे।
4. कार्यों की प्रकृति के आधार भी फोटोस्टेट शुल्क का निर्धारण किया जाए।

[signature] 04/01/21

[signature]

[signature]

[signature]
04.01.2021

Director/Coordinator
Internal Quality Assurance Cell
S.B.S. Govt. P.G. College, Rudrapur
Uttarakhand

Scanned with CamScanner

# बैठक कार्यवाही

दि० 04.04.2021

आज दिनांक 04 अप्रैल 2021 को प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी मूल्यांकन हेतु विविध बिन्दुओं पर व्यापक चर्चा की गई। निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए :

1. विगत 5 वर्षों का AQAR यथाशीघ्र upload कराये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस हेतु विगत वर्षों के आंकड़े शिक्षकों एवं कर्मचारियों से तुरन्त प्राप्त किए जाएं।

II. आगामी सत्र से महाविद्यालय में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेण्डर तैयार किया जाए तथा विशिष्ट गतिविधियों को विभिन्न विभागों को बनाकर सामूहिक रूप से मनाया जाए।

III. अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता बनाये रखने एवं छात्रों के व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया विभागीय परिषदों के माध्यम से किया जाए।

IV. महाविद्यालय में पुरातन छात्र

परिषद का गठन इस सत्र हेतु यथाशीघ्र कर इसकी बैठकें आयोजित कराई जाएं। छात्र संख्या बढ़ाने एवं नये छात्रों को जोड़ने के लिए Google form का प्रयोग कर कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ किए जाएं।

v. विभिन्न विभागों में मैपिंग तथा पौधे भी व्यवस्थित ढंग से लगाने की व्यवस्था की जाए।

Priyanka

रतन संयोजक

Director/Coordinator
Internal Quality Assurance Cell
S.B.S. Govt. P.G. College, Rudrapur
Uttarakhand